स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

प्रेस नोट संख्याः 44, दिनांक 28–01–2025

अन्तर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोह का 01 तस्कर 6.089 कि0ग्रा0 चरस अवैध के साथ गिरफ्तार ।

दिनांक 28–01–2025 को एस0टी0एफ0, उत्तर प्रदेश को अन्तर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोह के 01 सदस्य को 6.089 कि0ग्रा0 चरस (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मूल्य 30 लाख रूपये) के साथ गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः–

1. अमित कुमार उम्र करीब 26 वर्ष पुत्र स्व0 सुभाष प्रसाद निवासी वार्ड नं0–11 नागा रोड, थाना रक्सोल, पूर्वी चम्पारन, जनपद मोतिहारी, बिहार।

बरामदगीः–

1– 6.089 कि0ग्रा0 चरस अवैध। (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मूल्य 30 लाख रूपये)
2– 01 अदद मोबाइल फोन सैमसंग

गिरफ्तारी का स्थान व दिनांकः–

सम्भल चौराहे के पास फ्लाईओवर के नीचे थाना गलशहीद, जनपद मुरादाबाद।
दिनांक–28–01–2025 समय–15.12 बजे।

एस0टी0एफ0 उ0प्र0 को विगत काफी समय से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचनायें प्राप्त हो रहीं थी। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके अनुपालन में श्री अब्दुल कादिर, अपर पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई, बरेली के पर्यवेक्षण में व उ0नि0 अमित कुमार के नेतृत्व में मु0आ0 गिरिजेश पोसवाल, मु0आ0 रामजी लाल, मु0आ0 शिवओम पाठक, आ0 संजय यादव, व चालक मु0आ0 मनोज कुमार अवस्थी एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली की एक टीम गठित कर अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

अभिसूचना संकलन के दौरान विश्वसनीय स्रोत के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि थाना गलशहीद, जनपद मुरादाबाद क्षेत्रान्तर्गत सम्भल बस अड्डे के पास फ्लाईओवर के नीचे मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला 01 व्यक्ति आने वाला है, जिसके पास भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ होने की सम्भावना है। मुखबिर की इस सूचना पर विश्वास कर सम्भल बस अड्डे के पास फ्लाईओवर के नीचे से मुखबिर की निशादेही पर 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से 6.089 कि0ग्रा0 अवैध चरस बरामद हुई।

गिरफ्तार अभियुक्त अमित कुमार उपरोक्त द्वारा बताया गया कि वह ये अफीम बिहार निवासी मास्टर से लाते हैं व सहारनपुर निवासी रशीला पत्नी अब्दुल बहाव को सप्लाई करते हैं। जिससे हमें मोटा मुनाफा होता है। हमारी आय का यही साधन है। आज भी यह चरस लेकर मुरादाबाद से बस पकड़कर रशीला उपरोक्त को देने सहारनपुर जा रहे थे।

बिहार निवासी मास्टर व रशीला उपरोक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तार अभियुक्त अमित कुमार उपरोक्त के विरूद्ध थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद पर मु0अ0सं0– 16/2025 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कराया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही थाना गलशहीदजनपद मुरादाबाद द्वारा की जायेगी।